>

Title: Regarding public health centres in Jhansi Parliamentary Constituency.

श्री अनुराग शर्मा (झांसी): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे जीरो आवर में पहली बार बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत धन्यवाद । मैं झांसी कांस्टीटुएंसी को रिप्रेजेंट करता हूं । यहां झांसी और ललितपुर दो जिले हैं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि हैल्थ के इश्यू पर कुछ पॉलिसी चेंज की जाए । ललितपुर में सिर्फ एक डायलिसिस मशीन अभी पहुंची है, जो अभी चालू नहीं हुई है । इतनी बुरी हालत है कि 79 डॉक्टर्स रिक्वायर्ड हैं जबकि 32 ही हैं । मैं आपके माध्यम से पॉलिसी चेंज के लिए आग्रह करता हूं । इन पब्लिक हैल्थ सैंटर्स में दूसरी पैथी के भी अगर डॉक्टर्स बिठा दिए जाएं तो प्राइमरी हैल्थ में थोड़ी सी मदद हो जाएगी ।